समस्या | गांधी स्टेडियम के दोनों सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट वर्षों से जर्जर, नहीं हो रहा रख-रखाव

शहडोल का इकलौता बैडमिंटन कोर्ट बदहाल

नवभारत, शहडोल। एक ओर केंद्र और राज्य सरकार खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर संभागीय मुख्यालय शहडोल का एकमात्र नगरपालिका संचालित बैडमिंटन कोर्ट अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

गांधी स्टेडियम परिसर में स्थित इस इंडोर बैडमिंटन हॉल में दो कोर्ट बनाए गए हैं, लेकिन दोनों कोर्ट की सिंथेटिक मैट कई वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है। जगह-जगह मैट उखड़ चुकी है, सतह असमतल हो गई है और कई स्थानों पर फर्श तक दिखाई देने लगा है। ऐसे में खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान चोट लगने का खतरा लगातार बना रहता है।

खिलाड़ियों का प्रदर्शन हो रहा प्रभावित

कोर्ट के भीतर धूल, गंदगी और खराब हो चुकी मैट खिलाड़ियों के प्रदर्शन को प्रभावित कर रही है। खिलाड़ियों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं।

> **संभागीय मुख्यालय का इकलौता कोर्ट, फिर भी उपेक्षा**
> स्थानीय खिलाड़ियों का कहना है कि यह संभागीय मुख्यालय का इकलौता बैडमिंटन कोर्ट है, जहां शहडोल शहर के साथ-साथ उमरिया, अनूपपुर और आसपास के क्षेत्रों से भी खिलाड़ी नियमित अभ्यास करने पहुंचते हैं। इसके बावजूद न तो यहां नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था है और न ही समय-समय पर मरम्मत या रखरखाव कराया जाता है।

खराब मैट से बढ़ रहा चोट का खतरा

खेल विशेषज्ञों का मानना है कि बैडमिंटन जैसे इंडोर खेल में कोर्ट की गुणवत्ता सबसे महत्वपूर्ण होती है। फटी हुई और असमतल सिंथेटिक मैट पर लगातार अभ्यास करने से खिलाड़ियों के घुटनों, टखनों और कमर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे गंभीर चोट की आशंका बनी रहती है। ऐसी परिस्थितियों में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी भी प्रभावित होती है।

> **सरकारी आयोजनों में लगातार उपयोग, मरम्मत पर चुप्पी**
> विडंबना यह है कि जिस कोर्ट की हालत खुद खेलने योग्य नहीं बची है, उसी का उपयोग समय-समय पर विभिन्न शासकीय खेल प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अन्य सरकारी आयोजनों के लिए किया जाता है। लगातार उपयोग के बावजूद न तो मैट बदली गई और न ही आवश्यक मरम्मत कराई गई। इससे खिलाड़ियों में नाराजगी है और वे सवाल उठा रहे हैं कि जब मूलभूत खेल सुविधाएं ही दुरुस्त नहीं होंगी तो खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के सरकारी दावे कैसे साकार होंगे।

जिला प्रशासन से मांग

स्थानीय खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने नगरपालिका एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि गांधी स्टेडियम स्थित बैडमिंटन कोर्ट की जर्जर सिंथेटिक मैट को तत्काल बदला जाए। साथ ही नियमित साफ सफाई, रखरखाव और आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि खिलाड़ियों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके।

पार्षद सम्मान समारोह में भेदभाव पर विवाद

निर्वाचित आदिवासी एल्डरमैन अनिल बैगा की उपेक्षा का आरोप

नवभारत, अमलाई। नगर परिषद बरगवां अमलाई के नवनिर्वाचित पार्षदों के लिए आयोजित सम्मान एवं पदभार ग्रहण समारोह में एक बड़ा विवाद सामने आया है।

भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर ग्रामीण मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में निर्वाचित आदिवासी पार्षद एल्डरमैन अनिल बैगा की कथित तौर पर घोर उपेक्षा की गई, जिसके बाद स्थानीय राजनीति में गर्माहट आ गई है।

अमानवीय व्यवहार की निंदा

इस अमानवीय व्यवहार की क्षेत्र में तीखी निंदा हो रही है। इस घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी की 'कथनी और करनी' पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। एक तरफ जहां भाजपा देश भर में आदिवासी समाज के उत्थान और सम्मान का दम भरती है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी स्तर पर उनके ही निर्वाचित जनप्रतिनिधि के साथ इस तरह का भेदभावपूर्ण व्यवहार किया गया।

> **समाज के वरिष्ठजनों के अपमान से उपजा विवाद**
> प्राप्त जानकारी के अनुसार, बैगा जनजातीय समाज से आने वाले अनिल बैगा को गरिमामय स्थान देने के बजाय समाज के वरिष्ठ जनों से दूर रखा गया। आरोप है कि उन्हें कार्यक्रम स्थल से बाहर एक कमरे के दरवाजे के पास बैठाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों और सोशल मीडिया पर वायरल संदेशों के मुताबिक, समारोह में उपस्थित अन्य तीनों पार्षदों का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया, जबकि अनिल बैगा को एक माला तक नसीब नहीं हुई।

दावों की खुली पोल

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कृत्य भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के दावों की पोल खोलता है। क्षेत्रीय प्रबुद्ध जनों और कार्यकर्ताओं का मानना है कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को अनूपपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी जैसे पदाधिकारियों और स्थानीय नेताओं की क्लास लेने की सख्त आवश्यकता है। मनमाने ढंग से काम करने वाले और अपने ही कार्यकर्ताओं को अपमानित करने वाले ऐसे छोटे नेताओं के कारण पार्टी की साख पर बट्टा लग रहा है। इस संवेदनशील मामले में अब पार्टी के उच्च पदाधिकारियों के रुख पर सबकी नजरें टिकी हैं।

एक नजर में

सेवानिवृत्ति पर कमलेश शर्मा को दी गई विदाई

नवभारत (धनपुरी)। एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के बुढार स्थित शारदा उप क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में सोमवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र भूमिगत खदान में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे तथा कंपनी सेफ्टी बोर्ड के सदस्य कमलेश शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की।

वाहन चेकिंग में 16 वाहनों पर लगा जुर्माना

नवभारत, शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल डॉ. संजय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले में मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष वाहन चेकिंग अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिला यातायात पुलिस द्वारा नियम विरुद्ध संचालित वाहनों की सघन जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना यातायात शहडोल द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच कर फैंसी एवं अमानक नंबर प्लेट, बिना आवश्यक दस्तावेज, यातायात नियमों का उल्लंघन, निर्धारित सुरक्षा मानकों की अनदेखी सहित अन्य विविध कमियां पाए जाने पर 16 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की गई।

कलेक्टर से जेना ने की भेंट, कोयला परियोजनाओं पर चर्चा

नवभारत (धनपुरी)। शहडोल जिले के नवागत कलेक्टर पार्थ जायसवाल से बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में एसईसीएल सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी. के. जेना ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कलेक्टर को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया तथा जिले में नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

भेंट के दौरान दोनों अधिकारियों के बीच जिले के औद्योगिक एवं विकासात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से एसईसीएल सोहागपुर एरिया की कोयला खदानों के संचालन, उत्पादन, श्रमिकों से जुड़े विषयों तथा खनन क्षेत्रों में

आधारभूत सुविधाओं के विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य जनसुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रशासन एवं एसईसीएल के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने बताया कि कंपनी क्षेत्र के विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी जिला प्रशासन के सहयोग से जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा।

महाप्रबंधक ने व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नवभारत (धनपुरी)। व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, सोहागपुर में मंगलवार को कोल इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं खान बचाव) के. मेरे ने केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया।

उनके आगमन पर केंद्र में उत्साह का वातावरण रहा। इस अवसर पर केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। के. मेरे ने प्रशिक्षण केंद्र की विभिन्न आधुनिक व्यवस्थाओं का क्रमवार निरीक्षण किया। उन्होंने सेल्फ असेसमेंट रूम, ट्रेनिंग गैलरी,

वर्किंग मॉडल रूम, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, स्पेशल क्लासरूम, रसोईघर, गैस चैंबर सहित अन्य प्रशिक्षण सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक कक्ष में उपलब्ध संसाधनों, प्रशिक्षण व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी मानकों की जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर के. मेरे ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक बी. के. जेना तथा महाप्रबंधक (संचालन) मनीष श्रीवास्तव को इस प्रकार के आधुनिक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र के सफल संचालन एवं विकास के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

प्रशिक्षुओं को मिलेंगे आधुनिक संसाधन

निरीक्षण के पश्चात के. मेरे ने कहा कि व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र सोहागपुर को वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ उपलब्ध सुविधाएँ प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।

भूमि संवाद योजना में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम आयोजित

गोहपारू नवभारत संवाददाता। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित संवाद योजना के अंतर्गत विकासखंड गोहपारू में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय गोहपारू के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद शासी निकाय के अशासकीय सदस्य राघवेंद्र सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शहडोल संभाग के संभाग समन्वयक भीम सिंह डामोर तथा शासकीय महाविद्यालय गोहपारू के प्राचार्य डॉ. राजकुमार महोबिया मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित कर प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं एवं परामर्शदाताओं के कार्यों की मासिक समीक्षा की गई। मुख्य अतिथि राघवेंद्र सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जन अभियान परिषद का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी समितियों को समर्पित भाव से कार्य करना होगा। संभाग समन्वयक भीम सिंह डामोर ने

कहा कि जन अभियान परिषद शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति समाज में जागरूकता लाने तथा पात्र हितग्राहियों को उनका लाभ दिलाने का कार्य कर रही है। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें और अधिक सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

मीडिया-प्रशासन के समन्वय से विकास को मिलेगी गति : कलेक्टर

स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान पर रहेगा विशेष फोकस

नवभारत, शहडोल। नवागत कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रशासन और मीडिया के समन्वित प्रयासों से बेहतर समाज का निर्माण होता है।

उन्होंने बताया कि जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि तथा अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता देते हुए शासकीय

योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाना प्रशासन का मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही पर जोर दिया। कलेक्टर ने बताया कि 7 अगस्त से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा, जिसमें सभी अधिकारी क्षेत्र भ्रमण पर रहेंगे। मीडिया प्रतिनिधियों ने जिले के विभिन्न जनहित मुद्दों से अवगत कराया, जिन पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कनेक्शन काटने पर बिजली विभाग कार्यालय में हंगामा

बिजली कर्मचारियों को दी हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी

गोहपारू (नवभारत संवाददाता)। गोहपारू अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र पैलवाह के आईवीआरएस क्रमांक 1117015474 पर 30,530 रुपये का बिजली बिल बकाया होने के कारण बिजली विभाग द्वारा नियमानुसार विद्युत कनेक्शन विच्छेद (लाइन काटने) की कार्रवाई की गई।

बिजली विभाग के अनुसार संबंधित उपभोक्ता द्वारा बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की गई। इसके बाद नेहा कनौजिया, जो उप स्वास्थ्य केंद्र

पैलवाह से संबंधित बताई जा रही हैं, कथित रूप से अपने उच्च अधिकारियों को बिना सूचना दिए अपने पिता एवं पति कमल सिसोधिया के साथ बिजली विभाग कार्यालय पहुंचीं, जहां कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया गया। विभाग का आरोप है कि कर्मचारियों को हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी दी गई तथा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। स्थिति बिगड़ने पर बिजली विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस सहायता मांगी। उपलब्ध एसएमएस के अनुसार शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस की एफआरवी तत्काल मौके के लिए रवाना की गई।

दूसरे पक्ष का बयान अभी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

फुटबॉल संघ को मिली स्थायी मान्यता, खिलाड़ी खुश

खेल जगत में खुशी की लहर खिलाड़ियों के लिए बढ़ेंगे अवसर

नवभारत, शहडोल। मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ की स्थानीय लेवल-1 होटल में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शहडोल जिला फुटबॉल संघ को बड़ी उपलब्धि मिली।

संघ के उत्कृष्ट कार्यों, खिलाड़ियों की लगातार उपलब्धियों तथा जिले में फुटबॉल के बढ़ते विस्तार को देखते हुए इसे अस्थायी से स्थायी मान्यता प्रदान करने की घोषणा संघ के सचिव अमित रंजन देव ने की। बैठक में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के रेफरी बोर्ड सदस्य गौतम कर, रिलायंस

फाउंडेशन के सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव तथा जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

24 खिलाड़ी बने कोच- संघ ने अपने कार्यकाल में रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से 24 बालक-बालिका खिलाड़ियों को 'ई' एवं 'डी' लाइसेंस दिलाकर फुटबॉल कोच बनाया, जबकि 28 खिलाड़ियों को लेवल-8 रेफरी प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। मिनी, जूनियर, अंडर-20 और सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने अंतर-जिला प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर शहडोल की पहचान मजबूत की।

खिलाड़ियों को मिली व्यवस्थाएं

इस अवसर पर अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा ने संघ के विकास के लिए एक लाख रुपये सहयोग देने की घोषणा की, जबकि कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद जकरिया ने बैठकों एवं अधिकारियों के ठहरने की नि:शुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। स्थायी मान्यता मिलने पर संघ के पदाधिकारियों ने मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ का आभार व्यक्त करते हुए इसे शहडोल में फुटबॉल के उज्ज्वल भविष्य और खिलाड़ियों के लिए नए अवसरों की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

आंदोलन | 20 जुलाई से चरणबद्ध विरोध का ऐलान, 3 अगस्त से कर सकते हैं अनिश्चितकालीन हड़ताल

फिर आंदोलन की राह पर पटवारी, 5 सूत्रीय मांगों पर अड़े

नवभारत, शहडोल। मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने अपनी वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है।

संघ का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे प्रदेशभर के पटवारियों में असंतोष बढ़ रहा है।

ये है मांग

संघ ने शासन से कैडर रिव्यू लागू करने, पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ देने, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा नियमित कराने, पटवारियों को जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे

में शामिल करने, विभिन्न योजनाओं के लंबित मानदेय एवं भुगतान जारी करने तथा स्थानांतरण नीति के विरुद्ध किए गए तबादलों को निरस्त करने की मांग की है।

चलेगा चरणबद्ध आंदोलन

संघ के अनुसार मांगों के समाधान के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। इसके तहत 20 से 23 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर कार्य किया जाएगा, 24 से 27 जुलाई तक शासकीय व्हाट्सएप सहित अन्य समूहों का बहिष्कार किया जाएगा, 28 जुलाई से 2 अगस्त तक ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार रहेगा तथा 3 अगस्त से मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। संघ ने चेतावनी दी है कि आंदोलन के दौरान राजस्व कार्य प्रभावित होने की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

> **कर्मचारी हित की हो रही अनदेखी**
> पटवारी संघ ने बताया कि कई जिलों में पटवारियों से शासन की विभिन्न योजनाओं का कार्य समयबद्ध रूप से कराया गया, लेकिन उनके मानदेय का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। साथ ही कर्मचारी हितों की अनदेखी कर स्थानांतरण नीति के विपरीत तबादले किए जाने पर भी आपत्ति दर्ज कराई गई है। संघ ने समस्याओं के निराकरण के लिए नियमित प्रांतीय स्तर पर संवाद की व्यवस्था करने की मांग भी उठाई है।

प्रेम प्रसंग विवाद में की हत्या

नवभारत, शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल के निर्देशन में थाना देवलोंद पुलिस ने हत्या के एक गंभीर प्रकरण का त्वरित खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामद किया है। प्रारंभिक विवेचना में सामने आया कि पूर्व से चले आ रहे प्रेम प्रसंग को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। जिसके चलते आरोपी ने ट्रैक्टर से दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी। घटना में रामप्रताप कोरी की मृत्यु हो गई, जबकि दुर्गा प्रसाद कोरी गंभीर रूप से घायल होकर उपचाररत हैं। मामले के मुख्य आरोपी चन्द्रमणि को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

कल से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

नवभारत, शहडोल। कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिले में 7 अगस्त से 8 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान संचालित किया जाएगा। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनसुनवाई, लोक सेवा गारंटी तथा विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करें। अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, रास्ता विवाद, फार्मर आईडी, आयुष्मान कार्ड, ई-केवाईसी, आधार आदि कार्यों को किया जाएगा।